सयानी गुप्ता और फिल्मों को नकारने की कला

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

अभिनेत्री सयानी गुप्ता यह मानती हैं कि बड़े बजट की हिंदी फिल्में और नए जमाने के स्वतंत्र फिल्मों के बीच उनका सहज संतुलन उन्हें आश्चर्यचकित करती है। अभिनेत्री सयानी गुप्ता इस बात पर जोर देती है कि जब किसी फिल्म को साइन करने की बात आती है तो वह इस पर गंभीरता से सोच-विचार करने के बाद ही फैसला लेती हैं। हाल ही में आर्टिकल 15 में नजर आई अभिनेत्री सयानी कहती हैं, सच कहूं तो मैं ज्यादातर चीजों को ना कह देती हूं। मेरे लिए कहानी और उसकी राजनीति का प्रासंगिक होना मायने रखती है। इस पर मैं केवल खुद की सुनती हूं। सयानी इससे पहले मार्गरीटा विद अ स्ट्रॉ (2012), पार्च्ड (2015), फैन (2016), द हंग्री (2017), जॉली एल एल बी 2 (2017) जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं और इनके अलावा वह ओटीटी सीरीज में भी काम कर चुकी हैं जिनमें इंसाइड एज (2017), फोर मोर शॉट्स प्लीज (2019) और पोशम पा (2019) शामिल है। उनकी आने वाली फिल्म एक्सोन रिलीज होने के लिए बिल्कुल तैयार है, यह फिल्म दिल्ली में चार प्रवासियों पर आधारित है। बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल में 2 अक्टूबर को यह फिल्म दिखाई गई थी और आने वाले समय में मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल में भी इसका प्रीमियर होगा। सयानी ने आगे कहा, इन निर्देशकों में यह मासूमियत, ईमानदारी और जुनून का एक अनोखा कॉकटेल है, जो कुछ कहना चाहते हैं और व्यक्तिगत तौर पर जुनून एक ऐसी चीज है जिसने मुझे हमेशा से प्रेरित किया है। वे महिलाओं के लिए भावपूर्ण किरदारों की पेशकश कर रहे हैं और सच कहूं तो मैं उन फिल्मों में काम नहीं करना चाहती, जहां मैं महज एक प्रिटी प्रॉप होऊं। अपने किरदारों को लेकर रिसर्च के लिए जानी जाने वाली सयानी ने हाल ही में एक फिल्म की शूटिंग पूरी की। यह छत्तीसगढ़ की एक मर्डर मिस्ट्री है। सयानी का कहना है कि जब वह किसी किरदार को निभाती हैं तो उनके लिए यह जरूरी होता है, वह बिल्कुल वैसी बन जाए जो केवल एकमात्र इस किरदार को निभा सकती हैं। सयानी दिल्ली में सोमवार को अपने रिश्तेदार प्रबीर गुप्ता के शेप-2019 की हिस्सा बनीं, यह सुविधाओं से वंचित बच्चों द्वारा बनाई गई मिट्टी के बर्तनों की प्रदर्शनी थी।

केएल राहुल को जानती हूं और हम अच्छे दोस्त हैं: निधि अग्रवाल

क्रिकेट और फिल्म दोनों में ग्लैमर है और अक्सर क्रिकेटर और एक्टर्स में रोमांस की खबरें आती रहती हैं। अतीत में भी कई जोड़ियां जमी हैं चाहे वो नवाब पटौदी-शर्मिला हो, अजहर-संगीता हो या विराट-अनुष्का हो। इन दिनों बातें बन रही है केएल राहुल और निधि अग्रवाल की। केएल भारत की ओर से खेलते हुए लोकप्रिय हुए हैं और निधि को दर्शकों ने टाइगर श्रॉफ के साथ मुन्ना माइकल में देखा है। दोनों को साथ में देखा गया और अफवाहों के अंधड़ चलने लगे कि दोनों में रोमांस चल रहा है। कहने वाले कहने लगे कि क्रिकेट और फिल्म की एक और जोड़ी जम गई। हाल ही निधि वूट के शो फीट अप विद द स्टार्स ऑफ तेलुगु में आईं और वहां पर भी उनसे राहुल को लेकर सवाल किए गए तो निधि ने तपाक से जवाब दिया कि वे सिर्फ अच्छे दोस्त हैं। लिंक-अप की अफवाहों पर निधि ने कहा कि मैं उन्हें जानती हूं और हम अच्छे दोस्त हैं। मैं उनसे लंदन में मिली थी। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच जीता था और मैं खुशी के मारे कूद रही थी। मैंने सभी को बधाई दी। निधि की इन बातों से भी कुछ लोगों पर असर नहीं हुआ। वे कहते फिर रहे हैं कि ना-ना कहते-कहते ये लोग हां-हां कह देते हैं। अच्छे दोस्त के भी कई मायने हैं।

भारत फिल्म से सीखने का बेहतर अनुभव रहा : कैटरीना

अभिनेत्री कैटरीना कैफ का कहना है कि उन्होंने भारत फिल्म को एक चुनौती के रूप में लिया और उन्हें खुशी है कि यह उनके लिए सीखने का एक बेहतर अनुभव रहा। सलमान खान अभिनीत भारत में कैटरीना कुमुद रैना की भूमिका में हैं। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनास द्वारा अली अब्बास जफर का प्रोजेक्ट छोड़ दिए जाने के बाद कैटरीना ने यह रोल निभाया था। कैटरीना ने कहा, जिस समय अली ने स्क्रिप्ट के साथ मुझसे संपर्क किया, मैंने हां कह दिया। फिल्म में मेरा किरदार बहुत मजबूत और असामान्य है और मुझे इस भूमिका के लिए तैयार होने में ठीक दो महीने लगे थे। मैंने इसे एक चुनौती के रूप में लिया। मुझे खुशी है कि काफी अच्छा रहा और यह उस तरह से पूरा हुआ, जैसा मेरे द्वारा किए गए किसी भी काम में पहले कभी नहीं हुआ था। उन्होंने आगे कहा, चूंकि फिल्म दशकों की कहानी बयां करती है, इसलिए टीम ने इस पर बहुत शोध किया है कि किरदार कैसे दिखेंगे। मुझे कड़ी मेहनत करनी पड़ी, ताकि भाषा पर बेहतर कमांड हो। सभी के लिए यह सीखने का एक शानदार अनुभव रहा है। इस फिल्म में सलमान व कैटरीना के अलावा दिशा पटानी, सुनील ग्रोवर और जैकी श्रॉफ भी हैं। यह फिल्म 2014 की दक्षिण कोरियाई फिल्म ओड टू माय फादर का आधिकारिक रूपांतरण है। यह फिल्म 20 अक्टूबर को छोटे पर्दे पर जी सिनेमा चैनल पर प्रसारित हुई।